सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 230 | इंदौर, गुरुवार 29 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

@ DGR विशेष

**इंदौर।** कुछ वर्षों पहले तक देखने या सुनने में आता था कि फलां-फलां व्यक्ति की हार्ट अटैक के चलते मौत हो गई है, या फिर मोटापे के चलते उसे हृदयाघात हो गया और उसकी जान चली गई, लेकिन हाल ही के कुछ माहों में इस अटैक ने सभी को चिंता में डाल दिया है। इस अटैक के शिकार केवल बुजुर्ग या अधेड़ उम्र के लोग ही नहीं हो रहे, बल्कि नाबालिग और युवा भी हो रहे हैं। शहर में ही नहीं वरन पूरे प्रदेश और देश में अनेक ऐसे मामले में सामने आए हैं, जिनमें उम्मीद ही नहीं थी कि ऐसे फिट लोगों को भी हार्ट अटैक आ सकता है या फिर खेलने-कूदने की उम्र या भरी जवानी में ही साइलैंट अटैक से मौत हो गई। इस खतरनाक बीमारी के चलते मौत का शिकार होने वालों में स्कूली छात्र-छात्राएं भी हैं। इन मामलों ने सभी को चिंता में डाल दिया है कि आने वाले समय में क्या होगा। विशेषज्ञ चिकित्सक भी हैरान हैं कि आखिर क्या कारण है कि इतनी कम उम्र के लोग इस बीमारी का शिकार हो रहे हैं।

### → अधेड़ उम्र के लोगों के साथ किशोर और युवा भी हो रहे शिकार ...

# दिल की बीमारी रोक रही सांसें

## साइलैंट अटैक बढ़ते मामलों को लेकर हर कोई चिंता में

हाल ही के दिनों साईलैंट अटैक से करीब 8 लोगों की मौत हो गई। इनमें से एक तो रास्ते में चक्कर खाकर गिरे और दम तोड़ दिया। केवल ये मामले ही ऐसे नहीं है। प्रदेशभर में हार्ट अटैक और साईलैंट अटैक से मौतों के कुछ ऐसे ही मामले सामने आ रहे हैं जब खेलते-कूदते, यहां तक कि बैठे-बैठे भी लोगों और खासतौर पर युवाओं ने दम तोड़ दिया।

हाल ही में सामने आए मामलों में मौत की एक घटना रावजी बाजार थाना क्षेत्र में सामने आई है। जब पैदल जा रहे राजू सुनहरे रास्ते में ही सीने में दर्द उठने से बेसुध होकर गिर गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। 50 साल के राजू सुनहरे पाटनीपुरा फूल माली समाज धर्मशाला से घर के लिए निकले थे लेकिन रास्ते में ही मौत से सामना हो गया।



### सोते समय आया हार्ट अटैक

हार्ट अटैक का एक ऐसा ही मामला हीरा नगर थाना क्षेत्र में सामने आया है। यहां 40 साल के युवा शकील खान की एकाएक मौत हो गई। शकर खेड़ी में रहनेवाले उनके परिजन मोहम्मद अली ने बताया कि मृतक शकील घर में सो रहे थे। जब पत्नी के कई बार पुकारने पर भी उन्होंने जवाब नहीं दिया तो परिवार के सदस्यों को बुलाया और शकील को उठाने का प्रयास किया। उन्हें अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### कम उम्र वाले की मौत का दूसरा मामला

साइलेंट अटैक के दौरान पिछले साल शहर में कई लोगों की मौत हो चुकी है। हाल ही में कम उम्र के दो युवकों की साइलेंट अटैक से मौत हुई है। आजाद नगर क्षेत्र में मूसाखेड़ी के रहने वाले 26 साल का राहुल रायकवार की भी ऐसे ही मौत हो गई। राहुल अपने भाई के साथ एक्टिवा पर सवार होकर घर का सामान लेने जा रहा था। राहुल बाइक पर पीछे बैठा था। एकाएक उसके सीने में दर्द उठा और उसकी भी मौत हो गई। इससे पहले एक नाबालिग लडक़ी की भी अटैक से मौत हुई थी। नए साल में बीते 2 महीनों में भी अटैक के कई मामले सामने आए हैं, जिसमें कम उम्र के लोगो ंको अटैक आया है।

### कोचिंग क्लास में ही चली गई थी जान

इंदौर में 15 जनवरी को एमपपीएससी की तैयारी कर रहे छात्र की साइलेंट अटैक से मौत हो गई थी। युवक को क्लास में पढ़ाई करते वक्त सीने में दर्द उठा था, इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता वह अपनी टेबल से गिर गया था। उसके दोस्त आनन-फानन में उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इस घटना का सीसीटीवा फुटेज भी सामने आया था। मृतक छात्र की पहचान राजा लोधी के रूप में हुई थी। वह सागर का रहने वाला था. राजा इंदौर में किराए का कमरा लेकर पढ़ाई कर रहा था। राजा अधिकारी बनना चाहता था।

### कम उम्र में मौत, परिवार पर वज्रपात

कम उम्र में मौत होना मृतक के परिवार पर किसी वज्रपात से कम नहीं है। परिवार के लोग कुछ समझ ही नहीं पाते हैं और देखते ही देखते उनका एक ऐसा सदस्य काल के गाल में समां जाता है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

### बदली हुई लाइफ स्टाइल बड़ी वजह

कार्डियोलॉजिस्ट और डॉक्टर्स के अनुसार युवाओं में हार्ट अटैक या साईलैंट अटैक की सबसे बड़ी वजह उनकी बदली हुई लाइफ स्टाइल है। ज्यादातर युवा स्मोकिंग और तंबाकू के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। समोसे, कचोरी जैसे तले हुए खाद्य पदार्थ, अनसैचुरेटेड फैट का सेवन भी इसकी बड़ी वजह है।

### सर्दी के दिनों में ज्यादा मामले

ज्यादातर युवा एक्सरसाइज बिल्कुल भी नहीं करते। सर्दी में हार्ट अटैक के ज्यादा मामले इसलिए भी सामने आते हैं, क्योंकि ऐसे मौसम में हार्ट वेसल्स सिकुड़ जाती हैं। इससे बचने के लिए नशा आदि से बचाव बेहद जरूरी है।

### नशा भी है कारण

भोपाल के हमीदिया अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आरएस मीना कहते हैं कि ज्यादा नशा करने से हार्ट की मसल्स कमजोर हो जाती है। इन्हीं मसल्स से हार्ट का निर्माण होता है। इन मसल्स के कमजोर होने से धडक़न की गति असामान्य हो जाती है और कार्डियक फेलियर का खतरा बढ़ जाता है।

### स्मोकिंग और तंबाकू हार्ट के लिए खतरा

जेके अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. जीसी गौतम कहते हैं कि पहले के मुकाबले युवाओं में हार्ट अटैक की सबसे बड़ी वजह लाइफ स्टाइल है। जितने भी युवा है, उनमें स्मोकिंग का चलन बढ़ा है। वे तंबाकू का भी इस्तेमाल करते हैं। ये हार्ट के लिए फायदेमंद नहीं है।

### यह भी है एक कारण

साथ ही अनसैचुरेटेड फैट जैसे समोसे, कचोरी और तला हुआ खाना भी इसकी बड़ी वजह है। ज्यादातर युवा घर के खाने की बजाय बाहर की चीजें ज्यादा खाते हैं। एक्सरसाइज बिल्कुल नहीं करते। वैसे भी सर्दी में हार्ट अटैक की समस्या ज्यादा होती है क्योंकि हार्ट वेसल्स में सिकुडऩ होती है।

### विटामिन की कमी भी बड़ी वजह

भोपाल एम्स के डॉ. किसलय श्रीवास्तव कहते हैं कि विटामिन की कमी से हाइपरहोमोसिस्टीनेमिया होता है। ये होमोसिस्टीन एक अमीनो एसिड होता है, जो शरीर में बढ़ जाता है। इससे ब्लड क्लॉट के चांस बढ़ जाते हैं। अभी मैंने जांच में पाया है कि इसकी मात्रा लोगों के शरीर में बढ़ी हुई है। पहले ये 20 से 30 फीसदी होती थी, अब 80 से 90 फीसदी हो गई है। अब या तो ये विटामिन की कमी से है या फिर आनुवांशिक है। ज्यादा चांस विटामिन की कमी से लगते हैं। विटामिन की कमी दूर कर हम युवाओं को बचा सकते हैं।

# एमपीपीएससी मेंस की तारीख आगे बढ़ाने की मांग

## →अभ्यर्थियों ने हाथों में पोस्टर लेकर किया प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमपीपीएससी मेंस 2023 की परीक्षा 11 मार्च को है। अभ्यर्थियों ने एग्जाम आगे बढ़ाने की मांग की है। बुधवार को अभ्यर्थी एमपीपीएससी ऑफिस पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से तारीख आगे बढ़ाने के संबंध में बात की और ज्ञापन सौंपा।**

दरअसल, राज्यसेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 का परीक्षा परिणाम 18 जनवरी 2024 को घोषित हुआ था। अभ्यर्थी इस बात को लेकर आश्वस्त थे कि आयोग द्वारा उन्हें प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम से मुख्य परीक्षा के लिए कम से कम 90 दिन का समय दिया जाएगा। आयोग द्वारा पूर्व में ली गई विभिन्न परीक्षाओं में इस तरह का आश्वासन भी दिया था और उसके अनुरूप समय भी प्रदान किया था। लेकिन इस बार आयोग ने विद्यार्थियों को मात्र 52 दिन का समय दिया, जो बहुत कम है।

यदि आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा का आयोजन 11 मार्च से किया जाता है और न्यायालय द्वारा आगे की कार्रवाई में प्रभावित उम्मीदवारों को भी मुख्य परीक्षा में शामिल करने का फैसला दिया जाता है तो आयोग को उन उम्मीदवारों के लिए फिर अलग से मुख्य परीक्षा का आयोजन कराना होगा। इससे यह परीक्षा भी राज्य सेवा परीक्षा 2019 की तरह विवादित हो जाएगी, जिनकी नियुक्तियां अभी भी माननीय उच्च न्यायालय के फैसले के अधीन ही है। इन सब प्रक्रियाओं के चलते अभ्यर्थी पुनः 4-5 वर्षों के लंबे इन्तजार में फंस जाएंगे। अभ्यर्थी मांग कर रहे हैं कि राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2023 का आयोजन माननीय उच्च न्यायालय के अंतिम फैसले के बाद ही किया जाए या अभ्यर्थियों के हित में जल्द ही कोई उचित फैसला लिया जाए जिससे वह अपना पूरा ध्यान पढ़ाई की ओर दे पाए। मुख्य परीक्षा इस राज्य की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है, जिसके लिए इतना कम समय मिलना पर्याप्त नहीं है। ऐसे में विद्यार्थियों में लगातार मानसिक तनाव और चिंता बनी हुई है। विशेष रूप से ऐसे अभ्यर्थी जिनका यह पहला अटेंप्ट है वह अत्यंत तनाव और चिंता में है।

छात्रों ने कहा कि हाल ही में माननीय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 में पूछे गए प्रश्नों पर एक अंतरिम फैसला आया है। जिसमें कुछ प्रश्नों पर संदेह व्यक्त किया गया है, जिससे प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम प्रभावित हो सकता है।

न्यायालय द्वारा उससे प्रभावित अभ्यर्थियों को भी मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर दिए जाने की बात कही है साथ ही न्यायालय ने अपने फैसले में यह बात भी कही है कि वह आगे की कार्रवाई जो कि 12 मार्च 2024 को होनी है, में परीक्षा आगे बढ़ाने के लिए भी निर्देश दे सकता है। लेकिन उससे पहले ही आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा का आयोजन किया जाना है।

# विहिप की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल और प्रबंध समिति की बैठक आयोजित

## इंदौर मालवा प्रांत के अध्यक्ष मुकेश जैन, संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव और न्यासी राजेश गर्ग मनोनीत हुए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल और प्रबंध समिति की त्रिदिवसीय बैठक अयोध्या धाम के पवित्र स्थल कार सेवक पुरम् में संपन्न हुई। बैठक में कुल 371 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस विहिप् की अयोध्या केंद्रीय बैठक में इंदौर मालवा प्रांत के अध्यक्ष मुकेश जैन, प्रांत के संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव और न्यासी के राजेश गर्ग मनोनीत हुए।

बैठक में देश की वर्तमान स्थिति पर चर्चा कर हिंदू समाज के समक्ष खड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए षष्ठी पूर्ति वर्ष में संगठन के विस्तार की योजनाएं भी बनाई गईं। केंद्रीय प्रन्यासी मंडल की बैठक हर 6 महीने में आयोजित की जाती है, जिसमें विश्व हिंदू परिषद के संपूर्ण विश्व में रहने वाले प्रन्यासी तथा प्रबंध समिति के सदस्य भाग लेते हैं। इस अयोध्या बैठक में कुल 371 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### केंद्रीय स्तर के दायित्वों में

प्रमुख रूप से केंद्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार, केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा, केंद्रीय संगठन मंत्री मिलिंद परांडे, सह संगठनमंत्री विनायकराव देशपांडे और मध्य क्षेत्र के संगठनमंत्री मनोज वर्मा को केंद्रीय सह कार्यालय प्रमुख मनोनीत किया गया। विश्व हिंदू परिषद के प्रन्यासी मंडल ने न्यास में इंदौर के राजेश गर्ग (कल्याण टोल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड इंदौर के डायरेक्टर) को न्यासी मनोनित किया गया। वहीं प्रांत स्तर के परिवर्तन में मालवा प्रांत में मुकेश जैन को प्रांत अध्यक्ष एवं खगेंद्र भार्गव को मालवा प्रांत का संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। अभी तक मध्य भारत प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव थे।

# राठौर समाज के डॉक्टरों की कॉन्फ्रेंस 7 अप्रैल को

इंदौर। राठौर समाज की प्रतिभाएं हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है। चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा दे रहे राठौर समाज के डॉक्टर्स का एक सम्मेलन नखराली ढाणी राऊ में आयोजित किया जाएगा। ये आयोजन 7 अप्रैल, रविवार को सुबह 10 बजे से शुरू होगा। जानकारी देते हुए उभरता राठौर समाज के सामाजिक उत्प्रेरक आर एन राठौर,सेवाधर्मी अध्यक्ष मनोज राठौर, प्रवक्ता हरीश राठौर,मीडिया प्रभारी गोविंद राठौर ने बताया कि राठौर समाज के डॉक्टर की कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से परिचय व अनुभव सांझा करने का अवसर, जूनियर-सीनियर डॉक्टर्स व अध्ययनरत शामिल होंगे। परिचय स्मारिका का प्रकाशन ,बेहतर सृजन के साथ मनोरंजक खुशनुमा वातावरण में आनंद, परस्पर संवाद व भविष्य के रिश्ते नातों के लिए अवसर, स्ववित्त व्यवस्था आधारित आयोजन होगा। डॉक्टर कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए ललित राठौर से संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं ।

# दिगंबर जैन मंदिर में आयोजन : 81 कलशों से हुआ मंदिर वेदी और शिखर का शुद्धिकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ए.बी. रोड डकाच्या स्थित ऋषि तीर्थ परिसर इन दिनों मंत्रों, श्लोकों एवं भगवान के जयघोष की मंगल ध्वनि से गूंज रहा है। आचार्य प्रसन्न ऋषि म.सा., आचार्य विहर्ष सागर म.सा. और आचार्य दयासागर म.सा. ससंघ के सान्निध्य में नवीन जिनालय के पंचकल्याणक महोत्सव में बुधवार को 81 कलशों से सौभाग्यवती एवं कुमारिकाओं ने मंदिर-वेदी एवं शिखर शुद्धि की रस्म की गई। इस मौके पर माता की गोद भराई भी की गई। श्रीमज्जिनेद्र पार्श्वनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के मीडिया प्रभारी ऋषभ पाटनी, राजकुमार जैन, विमल झांझरी एवं अंकुर पाटनी ने बताया कि सुबह नवग्रह शांति हवन, गर्भ कल्याणक एवं विधान पूजन के बाद आचार्यश्री विहर्ष सागर महाराज के केश लोच किए गए। शाम की आरती का सौभाग्य हितेश जैन एवं पारसनाथ भगवान की मुख्य वेदी के शुद्धिकरण का लाभ गौतमपुरा के अभिषेक प्रकाश जैन और ऋषभ अंकुर पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ। बुधवार को भगवान को वेदियों में विराजित करने के लिए जिनालय परिसर में भव्य जलयात्रा भी निकाली गई। छह वेदियों के शुद्धिकरण के बाद दोपहर में आचार्य प्रसन्न ऋषि महाराज, आचार्य कुमुदनंद, आचार्य विहर्ष सागर एवं आचार्य दयासागर म.सा. ससंघ के सान्निध्य में 'ऋषि तीर्थ पूजा' पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया। ऋषि तीर्थ परिसर का समूचा माहौल भक्ति भाव से भरपूर बना हुआ है, जहां विद्वान आचार्यों के अमृत प्रवचनों की वर्षा के साथ प्रतिष्ठाचार्य पं. प्रदीप जैन एवं पं. नितिन झांझरी के श्रीमुख से मंत्रों एवं श्लोकों की मंगल ध्वनि गुंजायमान हो रही है। महोत्सव समिति के मीडिया प्रभारी ऋषभ पाटनी एवं दिलीप जैन के अनुसार महोत्सव में गुरुवार, 29 फरवरी को सुबह जाप -अभिषेक के बाद जिनबालक के प्रथम दर्शन, सौधर्म इंद्र के एक हजार नेत्रों से जिनबालक के दर्शन, जन्माभिषेक के लिए पांडुकशिला की ओर जुलूस के रूप में प्रस्थान, अभिषेक, बाललीला एवं कुमारक्रीडा के आयोजन होंगे। शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

कटाक्ष




# श्री श्रीविद्याधाम में रामकथा का समापन

## →जिस व्यक्ति पर हो जाती है राम की कृपा, वह धन्य हो जाता है - आचार्य पं. शैलेंद्र तिवारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिस व्यक्ति पर राम की कृपा हो जाती है वह धन्य हो जाता है। राम नाम लेने मात्र से ही व्यक्ति के सभी संकट का नाश हो जाता है। संसार में जो प्राप्त है वहीं पर्याप्त है। यही सोचकर जीवन जीना चाहिए जितना मिला है उसमें ही संतुष्ट होना चाहिए। संतुष्ट होना बहुत ही आवश्यक है,जीवन में हमें हमेशा दुख में एक-दूसरे की मदद करना चाहिए। रामजी के अलावा संसार में कुछ sभी नहीं है, जो अनन्य भाव से राम का स्मरण करते है उनके ऊपर राम कृपा जरूर होती है। यह बात बुधवार को आचार्य पं. शैलेंद्र तिवारी ने एयरपोर्ट रोड स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर राधाश्रय फाउंडेशन द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा के नौवें दिन कही।

जिस व्यक्ति पर राम की कृपा हो जाती है वह धन्य हो जाता है। राम नाम लेने मात्र से ही व्यक्ति के सभी संकट का नाश हो जाता है। संसार में जो प्राप्त है वहीं पर्याप्त है। यही सोचकर जीवन जीना चाहिए जितना मिला है उसमें ही संतुष्ट होना चाहिए। संतुष्ट होना बहुत ही आवश्यक है,जीवन में हमें हमेशा दुख में एक-दूसरे की मदद करना चाहिए। रामजी के अलावा संसार में कुछ भी नहीं है, जो अनन्य भाव से राम का स्मरण करते है उनके ऊपर राम कृपा जरूर होती है। यह बात बुधवार को आचार्य पं. शैलेंद्र तिवारी ने एयरपोर्ट रोड स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर राधाश्रय फाउंडेशन द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा के नौवें दिन कही।

9 दिनों से चल रही राम कथा का बुधवार को समापन हुआ। हवन में आहुतियां देकर पूर्णाहुति की गई। सौभाग्यवतियों का पूजन और कन्याओं का पाद पूजन वेद मंत्रों के बीच किया गया। कथा में भक्ति के साथ-साथ स्वास्थ्य का संदेश भी दिया। यहां निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर लगाया, इसमें बुधवार को कथा में आए तकरीबन 300 से अधिक भक्तों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र परीक्षण करवाया।




# निर्मल दृष्टि अभियान का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वार्षिक आनन्द मेले एवं पुरुस्कार वितरण समारोह में निर्मल दृष्टि अभियान की शुरुआत की गई। इसके तहत इंदौर शहर से शुरू होकर प्रदेश के प्रत्येक जिले तक दिव्यांग अवयस्कों को निःशुल्क पावर चश्मे प्रदान किये जायेंगे।**

अभियान के आयोजक आंसर इंडिया के संयोजक श्री अमित शर्मा ने बताया कि इस प्रयोजन में सामान्य बच्चो को मात्र 99 रुपये में पावर चश्मे प्राप्त हो पाएंगे।आयुष्मान हैल्थीफाई प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर श्री डॉ.रंजीत मिश्राजी एवम समाज सेवी महेंद्र पालीवालजी ने अभियान में सहयोग करते हुए कहा कि देवास एवं बड़वानी में जल्द फैसिलिटेशन सेंटर खोलेंगे जिससे जन समुदाय को सुविधा प्राप्त हो सके।

इन फैसिलिटी सेंटर पर नागरिकों को अति रियायती दरों पर पैथोलॉजी एवं रेडियोलोजी की जांच एवं सलाह भी दी जाएगी। इस सेवा में प्रथम चरण में समर्पण इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक लैब अपनी सेवा प्रदाय करने हेतु साथ हैं। डॉ अमित तिवारी और डॉ दीक्षा तिवारी ने अभियान में सहयोग हेतु सौ बच्चो को चश्मे भेंट स्वरूप डोनेट किया।आनंद मेले में 70 स्टाल बनाये गए थे जो छोटे रोजगार करने वालो को उपलब्ध किये गए। लगभग एक हज़ार परिवारों ने एक साथ उत्सव को मनोरम बनाया। बच्चो की पेंटिंग प्रतियोगिता, स्टेज पर सोलो एवं ग्रुप नृत्य , गीत संगीत, पुरुस्कार वितरण, से वार्षिकोत्सव को सजाया गया।एस बी आई के आला कमान ने अभियान के प्रयासों को सराहा और शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# आज सजेगी ठहाकों की महफिल

## →राकेश बेदी होंगे फैंस से रुबरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्टेशन रोड़ राऊ में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन गुरुवार 29 फरवरी को रात 8 बजे से होगा। ठहाकों की इस महफिल में फिल्म व टीवी कलाकार के जाने-माने अभिनेता राकेश बेदी शामिल होकर सभी फैंस से रुबरू होंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान भी किया जाएगा।**

अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन समिति व आयोजक शिव डिंगू ने बताया कि इस वर्ष भी विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कवि सम्मेलन में इस वर्ष विशेष हस्तियों को साहित्य गौरव सम्मान से भी नवाजा जाएगा। सम्मेलन में मुंबई, नैनीताल, प्रतापगढ़, कोटा सहित मालवा-निमाड़ के जाने-माने कवि शामिल होकर अपनी कविताओं से सभी श्रोताओं व दर्शकों को गुदगुदाएंगे। कवि सम्मेलन के सूत्रधार राऊ के राष्ट्रीय हास्य कवि अतुल ज्वाला होंगे।

### यह कवि लगाएंगे ठहाकों की महफिल

कवि सम्मेलन में फिल्मी गीतकार शशांक प्रभाकर (आगरा), वीर रस शशिकांत यादव, गौर मिश्रा (नैनिताल), दिनेश देसी घी (मालवा के रजनीकांत), पैरोड़ीकार पार्थ नवीन (प्रतापगढ़), हास्य का धमाका अर्जुन अल्हड़ (कोटा) अपनी रचनाओं से आम से लेकर खास को मध्यरात्रि तक बांधे रखेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, कविता पाटीदार, जीतू जिराती, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, गौरव रणदीवे, घनश्याम नारोलिया, मधु वर्मा, मालिनी गौड़, रमेश मेंदोला, राजेश सोनकर, महेंद्र हार्डिया, उषा ठाकुर, गोलू शुक्ला, मनोज पटेल, जयपाल सिंह चावड़ा, रवि रावलिया, आकाश विजयवर्गीय, मनोज सिंह ठाकुर, अनिल पाटीदार, पप्पी विजय पाटीदार, भारती राजेश मंडले, किरण सूर्यवंशी उपस्थित होंगे।

# टॉय ट्रेन को नहीं मिल रहा बच्चों का प्रतिसाद




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक तरफ तो नगर निगम विश्राम बाग में पीपीपी मोड पर टॉय ट्रेन चलाने की तैयारी कर रहा है दूसरी तरफ नेहरू पार्क में सात महीने पहले शुरू की गई टॉय ट्रेन बंद होने की कगार पर है। इस टॉय ट्रेन को इंदौरी बच्चों का प्रतिसाद नहीं मिल रहा। हालत यह है कि 80 लाख रुपये से ज्यादा खर्च कर इस ट्रेन को संचालित करने वाली राजस्थान की कंपनी के लिए फायदा कमाना तो दूर खर्चे निकालना ही मुश्किल हो गया है।

नेहरू पार्क की बदहाली के चलते जनता यहां आ ही नहीं रही। इसका सीधा असर टॉय ट्रेन के संचालन पर पड़ रहा है। जब नेहरू पार्क में जनता आएगी ही नहीं तो टॉय ट्रेन में बैठेगा कौन। यही वजह है कि राजस्थान की कंपनी अपने ट्रेन संचालन के निर्णय पर पुनर्विचार करने लगी है।

लगभग 10 वर्ष बंद रहने के बाद जून 2023 में नेहरू पार्क में टॉय ट्रेन की छुक-छुक की आवाज सुनाई देने लगी थी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इसका शुभारंभ किया था। उन्होंने ही इसे वंदे इंदौर नाम भी दिया था। नगर निगम ने इस टॉय ट्रेन का संचालन पीपीपी मोड पर राजस्थान की शंकरलाल कास्ट एंड कंपनी को सौंपा है। कंपनी को ट्रेक बिछाने के साथ-साथ इस ट्रेन, स्टेशन का मेंटेनेंस भी करना है।

शुभारंभ के 10-15 दिन तो टॉय ट्रेन को अच्छा प्रतिसाद मिला, लेकिन इसके बाद लोगों का नेहरू पार्क आना ही कम हो गया। असर यह पड़ा कि वर्तमान में टॉय ट्रेन के 100 टिकट भी रोज नहीं बिक रहे। किसी-किसी दिन तो यह संख्या बहुत ही कम रह जाती है। कंपनी को इंदौर में ट्रेन के रखरखाव के साथ-साथ ऑफिस, रेलवे स्टेशन आदि भी मेंटेन करना पड़ता है। इसके अलावा कर्मचारियों का वेतन और अन्य खर्च भी होते हैं। कंपनी के कर्मचारियों का कहना है कि नेहरू पार्क की बदहाली की वजह से आम जनता पार्क में नहीं आती।

**नेहरू पार्क में घास तक नहीं-** रखरखाव के अभाव में नेहरू पार्क बदहाल पड़ा है। परिसर में स्मार्ट सिटी कंपनी का दफ्तर होने के बावजूद नेहरू पार्क स्मार्ट नहीं बन सका। यहां जगह-जगह नगर निगम का कबाड़ पड़ा है। हरियाली के नाम पर सीमेंट कांक्रीट के निर्माण कर दिए गए हैं। यही वजह है कि किसी समय लोगों से गुलजार रहने वाला नेहरू पार्क विरान पड़ा रहता है।

# सराफा चौपाटी की शिफ्टिंग को लेकर निर्णय फिलहाल मुश्किल, इन स्थानों पर विचार जारी

**इंदौर।** सराफा चाट चौपाटी के संचालन के लिए महापौर द्वारा गठित एमआईसी सदस्यों की समिति बुधवार को अपनी रिपोर्ट महापौर को सौंप देगी। इस रिपोर्ट में समिति ने स्पष्ट कहा है कि सराफा इंदौर की धरोहर है। ऐसे में इसे यहां से शिफ्ट करने का निर्णय लेना बहुत मुश्किल है। इसमें जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजन और आम इंदौरियों का सलाह लेना जरूरी है। ऐसी स्थिति में यह तय है कि सराफा चाट चौपाटी फिलहाल तो शिफ्ट नहीं होगी। **दुकानदार मांग रहे 56 दुकान जैसी व्यवस्था-** समिति ने चाट चौपाटी के दुकानदारों से भी चर्चा की थी। इन दुकानदारों का कहना है कि अगर उन्हें 56 दुकान जैसा विकास करके दिया जाए तो वे यहां से शिफ्ट हो सकते हैं। इधर चाट चौपाटी एसोसिएशन का कहना है कि बाजार में एसोसिएशन के सिर्फ 80 सदस्य हैं, जबकि दुकानें 220 से ज्यादा लग रही हैं। एसोसिएशन के सदस्यों के अलावा अन्य दुकानदारों को यहां से शिफ्ट किया जाना चाहिए।



सिरोंज विधायक ने छुए एसडीएम के पैर:हाथ जोड़कर बोले-

# जल संकट दूर करो, अफसर कांग्रेस से मिले, ध्यान ही नहीं देते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिरोंज। विदिशा के सिरोंज से भाजपा विधायक एसडीएम के सामने हाथ जोड़ते और उनके पैर छूते दिखे। वे जल संकट को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ अफसर कांग्रेस से मिले हुए हैं। ये केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार को फेल करने में जुटे हैं।**

विधायक उमाकांत शर्मा ने एसडीएम हर्षल चौधरी को ज्ञापन दिया। कहा, ह्यक्षेत्र की जनता पानी की कमी से परेशान है। अधिकारी और कर्मचारी ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। मैं कई बार अफसरों से बोल चुका लेकिन कोई ध्यान नहीं देता।

शर्मा बहुत देर तक एसडीएम के सामने हाथ जोड़कर खड़े रहे। उन्होंने कहा, ह्यमैं आज आम आदमी की तरह हाथ जोड़कर और पांव छूकर निवेदन कर रहा हूं कि जल संकट को लेकर गंभीरता से काम करिए। जनता को कुछ तो राहत मिले।



### बोले- पीएचई विभाग फेल, ठेकेदार-अफसरों ने पैसे डकारे

विधायक शर्मा ने कहा, ह्यपीएचई विभाग पूरी तरह फेल हो गया है। गांवों में नल जल योजनाएं बेकार पड़ी हैं। ठेकेदार और अधिकारी मिलकर पैसे डकार गए हैं। लोग परेशान हैं। शहर में 3 दिन से पानी नहीं आ रहा। अधिकारियों के पास कोई प्लान नहीं है।

उनके साथ आए वार्ड क्रमांक 2 से पार्षद सचिन शर्मा ने कहा, ह्यमेरे वार्ड में दो दिन से पानी नहीं आया। इंटकवेल में सफाई होने के कारण पानी की सप्लाई प्रभावित हुई। चाठोली पंचायत में नल जल योजना की टंकी बनी, लेकिन चालू नहीं हुई। गांव की तीन हजार जनता परेशान हो रही है।

विधानसभा में भी यह मामला उठा था। मोतीगढ़ और सांकलोन गांवों में भी नल जल योजना अधूरी पड़ी है। ठेकेदारों ने काम पूरा नहीं किया। सालों से काम अटका हुआ है। लोग पानी के लिए दूसरे गांवों पर निर्भर हैं।

### एसडीएम ने कहा- प्रशासन अपना काम कर रहा

एसडीएम हर्षल चौधरी ने कहा कि प्रशासन अपना काम कर रहा है। प्राकृतिक आपदा के विरुद्ध शासन एक सीमा तक ही लड़ सकता है। हम पूरे प्रयास कर रहे हैं। पानी की समस्या जल्द दूर हो जाएगी।

# पेटीएम मैनेजर की पत्नी ने जहर खाया

→ग्वालियर में भर्ती, पति ने 25 फरवरी को फांसी लगाकर जान दी थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** इंदौर में 25 फरवरी को सुसाइड करने वाले पेटीएम मैनेजर गौरव गुप्ता की पत्नी मोहिनी (38) ने बुधवार को ग्वालियर में जहर खाकर जान देने की कोशिश की। मोहिनी को जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

गौरव के मामा के बेटे नीरज का दावा है कि मोहिनी ने आठ दिन पहले जहर खरीदा था, तभी से गौरव को धमकी दे रही थी कि वो कुछ कर लेगी। इससे गौरव डिप्रेशन में आ गए थे। गौरव ने इंदौर में फांसी लगाकर जान दे दी। उनकी मौत के बाद मोहिनी तनाव में आ गई। उसने पहले परेशानी का आरोप लगाकर मामले की जांच की दिशा ही बदल दी, लेकिन घर में तीन दिन से कई तरह के सवाल उससे हो रहे थे। जिस पर वह टूट गई और पछतावे में उसने जहर खा लिया।

**गौरव और मोहिनी की दो बेटियां, 8 साल पहले हुई शादी-** गौरव और मोहिनी की शादी 8 साल पहले हुई थी। उनकी एक बेटी सात साल और दूसरी बेटी डेढ़ साल की है। ग्वालियर में उनके बुजुर्ग माता-पिता और बड़े भाई रहते हैं। गौरव परिवार के साथ इंदौर के जिस फ्लैट में रहते थे वो उनके ससुर के नाम है। गौरव की साली पूनम निजी कंपनी में जॉब करती है। अभी उसकी शादी नहीं हुई है। 24 फरवरी को गौरव ने साली का बर्थडे इसी फ्लैट में मनाया था।

**पुलिस घटनास्थल पर बनाएगी सीन ऑफ क्राइम-** गौरव के फांसी लगाने के बाद पत्नी और परिजन उन्हें फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए थे। पुलिस भी पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पीएम हाउस से ही परिजन दो कार से शव लेकर ग्वालियर रवाना हुए। घटना के बाद से ही इंदौर स्थित फ्लैट पर ताला लगा है। लसूड़िया थाना पुलिस अब घटनास्थल का सीन ऑफ क्राइम बनाकर जांच करेगी। घर में सुसाइड नोट भी तलाशेगी।

# पानी पर तैरते सोलर प्लांट से अगले महीने मिलेगी बिजली

→21 वर्ग किमी में 600 मेगावाट प्रोडक्शन; 10000 एकड़ में सिंचाई जितना पानी बचेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी पर बन रहे फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट के पहले चरण का काम आखिरी स्टेज में है। 12 वर्ग किलोमीटर में बन रहे प्लांट में मार्च के अंत तक 278 मेगावाट बिजली बनने लगेगी। यह प्रदेश का पहला ऐसा प्लांट है, जो बिजली बनाने के साथ इतना पानी भी बचाएगा कि करीब दस हजार एकड़ में सिंचाई की जा सके।

इसे ओंकारेश्वर में बैकवाटर से सटे गांवों में इंस्टॉल किया जा रहा है। तीन कंपनियां एएमपी एनर्जी ग्रीन सेवन लिमिटेड (एएमपी), नर्मदा हाइड्रोइलेक्ट्रिक डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचडीसी) और सतलज जल विकास निगम (एसजेवीएन) ने बिजली उत्पादन के लिए करार किया है।

**तीन प्लांट: इंधावड़ी, ऐखंड और केलवा खुर्द-** एनएचडीसी ने इंधावड़ी गांव में 88 मेगावाट, एसजेवीएन ने ऐखंड गांव में 90 मेगावाट और एएमपी ने केलवा खुर्द में 100 मेगावाट का प्लांट तैयार किया है। बिजली सप्लाई लिए ऊर्जा विकास निगम ट्रांसफॉर्मर और पावर सब स्टेशन तैयार कर रहा है।

इसका निर्माण केंद्र सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क योजना के तहत किया जा रहा है। इसे सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड बना रहा है।



दूसरे चरण के भी टेंडर हो चुके हैं। दोनों चरणों की कुल क्षमता 600 मेगावाट है। कुल 21 वर्ग किलोमीटर एरिया में बन रहे प्रोजेक्ट की लागत 5 हजार करोड़ रुपए होगी।

**10.08 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी का वाष्पीकरण रुकेगा-** जिस 12 वर्ग किमी पानी की सतह पर सोलर प्लेट लगी हैं, उस एरिया में 14.4 मिलियन क्यूबिक मीटर (एमसीएम) पानी सालभर में वाष्पित होता है। नवकरणीय ऊर्जा विभाग के अनुसार 70 प्रतिशत पानी का वाष्पन सोलर प्लेट के माध्यम से रुक जाता है। इस हिसाब से 10.08 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी का वाष्पन रुकेगा। एक मिलियन क्यूबिक मीटर पानी से करीब 925 एकड़ में सालभर सिंचाई होती है। इस तरह करीब 93 हजार एकड़ से ज्यादा में सिंचाई हो सकती है।

**कार्बन डाई ऑक्साइड में कमी होगी-** नवकरणीय ऊर्जा विभाग के अफसरों के मुताबिक प्रोजेक्ट की उम्र करीब 25 साल है। इस अवधि में 12 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड में कमी आएगी।

**तूफान और तेज बहाव में भी रहेंगी सुरक्षित-** इंजीनियर्स के मुताबिक प्लांट के लिए फ्लोटर पानी की सतह पर लगाए गए। इसके बाद इनके ऊपर सोलर पैनल लगाए गए। फ्लोटर को आपस में एंकरिंग किया गया। सतह पर हुक लगाया गया है, ताकि यह पानी के तेज बहाव या तूफान की स्थिति में बहें नहीं। हालांकि, पानी का स्तर कम होने या बढ़ने की स्थिति में यह ऊपर नीचे तो होगा, लेकिन बहेगा नहीं।

**मछुआरों के परिवार पर संकट, हाईकोर्ट पहुंचे** ओंकारेश्वर बांध का बैकवाटर मछली उत्पादन का मुख्य केंद्र है। बैकवाटर से सटे ऐखंड, बिलाया, गुंजारी समेत 6 गांवों में शासन से अधिकृत 6 समितियां हैं। इन समितियों से 400 मछुआरे जुड़े हैं। सोलर प्लेट लगने से एक साल से काम ठप है। मछुआरा संघ के अध्यक्ष शुभान सिंह का कहना है कि एक मछुआरा महीनेभर में लाख रुपए कमाता था, लेकिन अब कहीं के नहीं रहे।

## 1-2 मार्च को फिर स्ट्रॉन्ग सिस्टम, 46 जिलों में यलो अलर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** प्रदेश के 10 से ज्यादा जिलों में ओले-बारिश के स्ट्रॉन्ग सिस्टम ने फसलें तबाह कर दी हैं। सरकार ने इन जिलों में सर्वे भी शुरू कर दिया है, लेकिन किसानों की मुश्किलें कम होती नहीं दिखाई दे रही हैं। मौसम केंद्र भोपाल ने 1 और 2 मार्च को फिर से बारिश, आंधी और ओले का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने का अनुमान जताया है। इसके लिए भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत कुल 46 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है।

इससे पहले भोपाल, सतना, छिंदवाड़ा, उज्जैन, शाजापुर, बैतूल, रायसेन समेत 20 जिलों में आंधी चली फिर तेज बारिश हुई और ओले गिरे। सबसे ज्यादा छतरपुर जिले के नौगांव और सतना में एक इंच पानी गिरा। रीवा में पौन इंच, भोपाल, रायसेन और सीधी में आधा इंच से अधिक बारिश हुई। रात में भी रुक-रुककर बारिश होती रही। भोपाल में आंधी की स्पीड 74 किमी, सीहोर में 48 किमी, शाजापुर में 43 किमी, सिंगरौली में 65 किमी, छतरपुर में 50 किमी, रीवा में 41 किमी और शहडोल में 41 किमी प्रति घंटे रही। शहडोल जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो बच्चों की जान चली गई। सोहागपुर थाना इलाके के छतवई गांव में मनीषा बैगा (9) और गणेश बैगा (6) मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे लकड़ी बीन रहे थे। इसी बीच पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरी। इसकी चपेट में आने से दोनों बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# जबलपुर में डॉक्टर के घर में घुसी जम्मू की गैंग

→पड़ोसियों ने बदमाशों को दबोचा पिटाई कर पुलिस के हवाले किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में एक डॉक्टर के घर बुधवार सुबह चार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। वे डॉक्टर की पत्नी को अंदर के कमरे में खींचकर ले गए। दो बदमाशों ने उनको जमीन पर पटका। बाकी दो ने कटर से अलमारी काटी। उसमें से गहने-कैश निकाल लिए। इस समय डॉक्टर घर पर नहीं थे। इस दौरान बुजुर्ग महिला जितनी जोर से चीखती, बदमाश उतनी ही ताकत से उनका गला दबा रहे थे। आवाजें आने पर पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाया तो आरोपी भाग निकले। पड़ोसियों ने महिला समेत चारों आरोपियों को पकड़ कर पहले उनकी पिटाई की, फिर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपियों में एक नाबालिग है। पीड़ित बुजुर्ग का कहना है कि अगर पड़ोसी नहीं होते तो वे आज जिंदा नहीं होतीं। घटना अधारताल थाना इलाके के आनंद नगर की है। पता चला है कि महिला और उसके साथी जम्मू से हैं। महिला 15 साल पहले डॉक्टर के घर मेड का काम करती थी। लूट की प्लानिंग 1 हफ्ते पहले बनाई थी।

### लगा कि आज मेरा अंतिम दिन है

आनंद नगर में डॉक्टर जीएन निगम (74), उनकी पत्नी रेनू निगम (71) रहते हैं। रेनू ने बताया, ह्यसुबह 9 बजे की बात है। पति क्लिनिक जा चुके थे। लुटेरे जब घर में घुसे तो उन्होंने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। वे अचानक जिस तरह घर में घुसे, उनके इरादे को समझते हुए देर नहीं लगी। मैं शोर कर पाती, उन्होंने मेरा गला दबा दिया। मुझे तो लगा कि आज मेरा अंतिम दिन है।

## Uttarpradesh

# ताजनगरी में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की बड़ी कार्रवाई, सवा दो करोड़ का गांजा बरामद; दो तस्कर गिरफ्तार

**आगरा, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के आगरा में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बुधवार रात को एक्सप्रेस वे के बमरौली कटारा क्षेत्र में जीरो पॉइंट पर एक ट्रक में गांजे की तस्करी पकड़ी। ट्रक में कार्टन के बीच छिपाकर 2.20 क्विंटल गांजा लाया गया था। बाजार में गांजा की कीमत 2.10 करोड़ रुपये है। इसे लोकसभा चुनाव में खपाया जाना था। दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है।**



एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के सीओ इरफान नासिर खान और इंस्पेक्टर हरवेंद्र मिश्रा की टीम ने यह कार्रवाई की है। सीओ ने बताया कि एक्सप्रेस वे के जीरो पॉइंट पर एक ट्रक को रोका गया था। उसमें कॉपी से भरे कार्टन रखे हुए थे। इनके बीच में पैकेट बनाकर गांजे की तस्करी की जा रही थी। तलाशी के दौरान दो कुंतल 20 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। टीम ने नागर, थाना राजाखेड़ा धौलपुर निवासी दीपक सिंह उर्फ विक्की और सैया के गांव अयेला निवासी राजन उर्फ बापू को गिरफ्तार किया है।

आरोपी एक सिंडिकेट बनाकर आंध्र प्रदेश और ओडिशा से गांजा लाकर उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली एनसीआर, मथुरा और आगरा में सप्लाई करते हैं। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 2.10 करोड़ रुपये है। इसे आगामी लोकसभा चुनाव में खपाने की योजना थी। टीम गैंग के साथी और अन्य के बारे में पूछताछ कर रही है।

## P. Bangal

# 73 मुस्लिम जातियों को OBC दर्जा चाहती हैं ममता बनर्जी, राष्ट्रपति से शिकायत करेगा पिछड़ा वर्ग आयोग



**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के लिए नई मुसीबत खड़ी हो गई है। कई दर्जन जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल करने की बंगाल सरकार की सिफारिश के खिलाफ राष्ट्रपति से शिकायत करने की तैयारी हो रही है। दरअसल राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने ओबीसी की केंद्रीय सूची में 83 जातियों को शामिल करने की राज्य की सिफारिश पर गंभीर आपत्ति जताई है। यही नहीं, आयोग ने कुछ समुदायों को राज्य सूची में शामिल करने पर भी आपत्ति जताई है और इस संबंध में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिकायत करने का फैसला किया है।

इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ममता सरकार ने जिन 83 जातियों को केंद्रीय ओबीसी लिस्ट में शामिल करने की सिफारिश की है उनमें से 73 मुस्लिम समुदाय से हैं। अब एनसीबीसी ने इसका कड़ा विरोध किया है। पिछड़ा वर्ग आयोग का कहना है कि राज्य सरकार ने इन जातियों के 'सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ेपन' के ताजा आंकड़े पेश नहीं किए हैं। ईटी से बात करते हुए, एनसीबीसी के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा, 'यह मामला छह महीने से अधिक समय से हमारे संज्ञान में है। हमने मुख्य सचिव को चार बार तलब किया है। अधिकारी न तो पेश हुए हैं और न ही सरकार ने अपनी सिफारिश को सपोर्ट करने वाला कोई डेटा दिया है। अब हम इन प्रस्तावों को अस्वीकार करने के लिए मजबूर हैं।''

## New Delhi

# नरेला में BJP कार्यकर्ता की हत्या, बंद दुकान से बरामद हुआ शव

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के नरेला में बीजेपी की महिला कार्यकर्ता का शव मिला है. ये युवती बीते चार दिनों से गायब थी जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई गई थी. जानकारी के मुताबिक, युवती की हत्या उसके प्रेमी ने की थी जिसने बाद में उसने भी सुसाइड कर लिया था. 28 साल की वर्षा पंवार नाम की ये युवती जिस निजी स्कूल में काम करती थी उसी की बंद दुकान में उसका शव मिला है. फिलहाल नरेला पुलिस जांच में जुट गई है. फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है. जानकारी के मुताबिक, नरेला में स्वतंत्र नगर से बांकनेर जाने वाले रास्ते पर यह निजी स्कूल बना हुआ है. इसी प्राइवेट स्कूल में वर्षा पंवार नौकरी करती थी. वह 24 फरवरी से वर्षा लापता थी. वर्षा के पिता ने उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई हुई थी. इसी स्कूल के अंदर एक स्टेशनरी की दुकान भी है जो पिछले 4 दिन से बंद थी. इसपर बाहर से ताला लगा हुआ था. लड़की के पिता को उसी दुकान पर शक हुआ और बुधवार दोपहर के वक्त दुकान का ताला तोड़ा गया तो अंदर युवती का शव मिला जिसके गले पर निशान थे. इससे अंदेशा है कि गला दबाकर हत्या को अंजाम दिया गया है.

## Paschim bangal

# शाहजहां शेख 55 दिन बाद गिरफ्तार, संदेशखाली केस का मुख्य किरदार ED टीम पर हमले के बाद से था फरार

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली हिंसा के मुख्य आरोपी और टीएमसी नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया गया है. बंगाल पुलिस ने कोलकाता हाई कोर्ट के आदेश उसे गिरफ्तार किया है. पुलिस ने शाहजहां को बीती रात सरबेरिया इलाके से उठाया गया है. उसके बाद सुबह करीब पांच बजे बशीरहाट में पुलिस लॉकअप में लाया गया है. सूत्रों की मानें तो बंगाल पुलिस उसे आज ही कोर्ट में पेश करेगी.

मिनाखन के एसडीपीओ अमीनुल इस्लाम खान ने शाहजहां की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि बंगाल पुलिस ने टीएमसी नेता शेख शाहजहां को नॉर्थ 24 परगना के मिनाखन इलाके से गिरफ्तार किया है. उसे आज ही बशीरहाट कोर्ट में पेश किया जाएगा.

शाहजहां शेख की पहचान टीएमसी के एक ताकतवर और प्रभावशाली नेता के तौर पर है. वो संदेशखाली यूनिट का टीएमसी अध्यक्ष भी रह चुका है. पहली बार शाहजहां शेख उस समय चर्चा में आया, जब 5 जनवरी को ईडी की टीम शाहजहां से बंगाल राशन वितरण घोटाला मामले में पूछताछ करने पहुंची थी, उस समय उसके गुर्गों ने ईडी की टीम पर हमला कर दिया था. उसके बाद से ईडी लगातार पूछताछ के लिए शाहजहां शेख को समन जारी कर रही है, लेकिन ईडी टीम पर हमले के बाद से शाहजहां शेख फरार है और उसकी फरारी को 55 दिन हो चुके हैं.

## खेल

# बीसीसीआई के वार्षिक अनुबंध से अय्यर-किशन बाहर, सिराज-गिल को इनाम, रिंकू को भी मिली जगह

**नई दिल्ली। बीसीसीआई ने वार्षिक अनुबंध की सूची जारी कर दी है। सीजन 2023-24 के लिए जारी की गई इस लिस्ट में श्रेयस अय्यर और ईशान किशन का नाम नहीं है। दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं लिया था। इस कारण बोर्ड नाराज था। उसका असर अनुबंध सूची में देखने को मिला। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा कि अय्यर और ईशान को वार्षिक अनुबंध नहीं दिया गया है। उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू सिंह को ग्रेड-सी में जगह मिली है। ए प्लस ग्रेड में कप्तान रोहित शर्मा के अलावा विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा हैं।**



बीसीसीआई ने इस साल 30 खिलाड़ियों को अनुबंध दिया है। यह एक अक्तूबर 2023 से 30 सितंबर 2024 तक के लिए है। बोर्ड ने इस बार एक नई परंपरा जारी की है। उसने तेज गेंदबाजी अनुबंध भी अलग से दिया है। इस लिस्ट में आकाश दीप, विजयकुमार वैश्यक, उमरान मलिक, यश दयाल और विद्वथ कावेरप्पा शामिल हैं।

**ग्रेड ए+:** रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा।

**ग्रेड ए:** रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पांड्या।

**ग्रेड बी:** सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल।

**ग्रेड सी:** रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वॉशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार।

### खिलाड़ियों को कितने पैसे मिलते हैं?

ग्रेड ए प्लस में शामिल खिलाड़ियों को सालाना सात करोड़ रुपये मिलते हैं। ए ग्रेड में पांच और बी ग्रेड में तीन करोड़ रुपये मिलते हैं। सबसे निचले सी ग्रेड में शामिल किए गए खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ रुपये दिए जाते हैं।

### बीसीसीआई ने अपने बयान में क्या कहा?

इसके अलावा जो खिलाड़ी इस अवधि के भीतर न्यूनतम तीन टेस्ट या आठ वनडे या 10 टी20 खेलने के मानदंडों को पूरा करते हैं, उन्हें स्वचालित रूप से आनुपातिक आधार पर ग्रेड सी में शामिल किया जाएगा। उदाहरण के लिए- ध्रुव जुरेल और सरफराज खान ने अब तक दो टेस्ट मैच खेले हैं, अगर इंग्लैंड के खिलाफ चल रही सीरीज के पांचवें टेस्ट में भाग लेते हैं, तो उन्हें ग्रेड सी में शामिल किया जाएगा। बीसीसीआई ने सिफारिश की है कि सभी एथलीट उस अवधि के दौरान घरेलू क्रिकेट में भाग लेने को प्राथमिकता दें जब वे राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों।

## सिनेमा

# कंगना रनौत ने कोर्ट को बताया, सुशांत की तरह मुझे भी लगा था सुसाइड कर लूं, जावेद अख्तर मानहानि केस में बोलीं एक्ट्रेस



कंगना रनौत और जावेद अख्तर की कानूनी लड़ाई कई साल से चल रही है। जावेद ने कंगना के खिलाफ आपराधिक मानहानि शिकायत की थी जिसकी सुनवाई में कंगना कठघरे में खड़ी हुईं। शिकायत 2020 में सुशांत सिंह राजपूत की कथित आत्महत्या के बाद रानौत के एक टीवी इंटरव्यू से जुड़ा है। इस दौरान कंगना ने कोर्ट को बताया कि सुशांत ने शिकायत की थी कि फिल्म इंडस्ट्री में आउटसाइडर को कैसे परेशान किया जाता है। मैंने भी उत्पीड़न की शिकायत की जो फिल्म इंडस्ट्री में झेलती हूं बतौर आउटसाइडर। कंगना ने इस दौरान यह भी बताया कि उनके मन में भी आत्महत्या का विचार आया था। जब मुझे सुशांत के आत्महत्या के बारे में पता चला तो मुझपर इसका काफी असर पड़ा था। कंगना ने बताया कि 2016 में जब उनकी और ऋतिक की कॉन्ट्रोवर्सी चल रही रही थी तब जावेद अख्तर ने उन्हें अपने घर बुलाया और धमकी दी। हालांकि जावेद ने एक्ट्रेस के इस दावे को गलत बताया। कंगना का कहना है कि इस मीटिंग के बाद वह काफी डिप्रेस हो गई थीं। कंगना ने सफाई दी कि इंटरव्यू के फ्लो में उन्होंने जावेद अख्तर का नाम ले लिया था। कंगना का यह भी कहना है कि उस इंटरव्यू के जरिए वह लोगों को बताना चाहती थीं कि आउटसाइडर्स को फिल्म इंडस्ट्री में किस तरह ट्रीट किया जाता है। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि उनका नेचर नहीं है कि वह उन्हें टारगेट करें जो उन्हें टारगेट करता है।

## संपादकीय

### केजरीवाल क्यों कर रहे अनदेखी

ईडी सरकार में सबसे अहम पद पर होने की वजह से अरविंद केजरीवाल को पेश होने के लिए कह रही है। अगर केजरीवाल को लगता है कि इस मामले में वे पूरी तरह पाक-साफ हैं तो पूछताछ से बचने के बजाय वे सारी तस्वीर सामने रख दे सकते हैं। गौरतलब है कि दिल्ली सरकार ने सन 2021-22 के लिए आबकारी नीति के तहत जिन शराब व्यापारियों को लाइसेंस जारी किए थे, उन पर इसके लिए रिश्वत देने का आरोप है। मनपसंद कारोबारियों को लाइसेंस जारी किए गए। हालांकि आम आदमी पार्टी ने इन आरोपों को गलत बताया है, लेकिन अगर उसके वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ऐसे ही आरोपों के तहत हुई पूछताछ के बाद जेल में हैं और मुकदमे का सामना कर रहे हैं तो उसका कोई न कोई ठोस आधार होगा! यह याद किया जा सकता है कि केज्रिवाल्जी के मौजूदा राजनीतिक सफर में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन छेड़ने, आरोपों पर जवाब देने और उसमें पारदर्शिता बरतने की मांग की एक बड़ी भूमिका रही है। इसलिए अब अगर भ्रष्टाचार के आरोपों के संदर्भ में उनसे पूरी तरह स्पष्टता और पारदर्शिता की उम्मीद की जा रही है, तो यह स्वाभाविक ही है। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आठवीं बार समन भेजा है, मगर अब तक वे कोई न कोई वजह बता कर उसके सामने पेश होने से बचते रहे हैं। अब उनका कहना है कि अगर अदालत इस संबंध में आदेश देगी तभी वे प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश होंगे। हालांकि यह समझना मुश्किल है कि किसी सरकारी एजंसी की ओर से इस तरह बार-बार समन भेजे जाने की अनदेखी करने की वजह क्या सिर्फ खुद को निर्दोष मानना है या फिर आंख-मिचौली जैसा कोई खेल है, जिसमें आखिरकार उनसे पूछताछ होनी ही है। अगर उन्हें लगता है कि ईडी बिना किसी ठोस आधार के उन्हें बुला रही है, तो समूचे मामले को पारदर्शी तरीके से उसके सामने रख देने में उन्हें क्यों हिचक हो रही है! फिर अगर आने वाले दिनों में अदालत ने उन्हें ईडी के सामने पेश होने का आदेश दे दिया, तब उनके मौजूदा रुख को किस तरह देखा जाएगा?

**अर्ज़ किया है..!**

*दुनिया में हूँ दुनिया का*
*तलबगार नहीं हूँ*
*बाज़ार से गुज़रा हूँ*
*ख़रीदार नहीं हूँ*

*-अकबर इलाहाबादी*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**भगवान हमको दिखाई नहीं देता इसलिए वह मूल्यवान है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# शिवजी बनेंगे दुल्हा, महाकाल मंदिर में शिव विवाह का उत्सव शुरू



हिंदू धर्म में हर साल फाल्गुन माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इस साल 8 मार्च को शिवरात्रि है। महाकाल के नगरी उज्जैन में शिवरात्रि के दौरान शिव नवरात्रि मनाई जाती है। महाकाल मंदिर में आज यानी 29 फरवरी से शिव नवरात्रि की शुरुआत होगी। इस दौरान शिव भक्त 9 अलग-अलग रूपों में देवों के देव महादेव के दर्शन कर पाएंगे। मान्यता है कि महाशिवरात्रि उज्जैन में ही मनाई जाती है। उज्जैन में महाशिवरात्रि का समय बेहद खास होता है। इन दिनों में बाबा भोलेनाथ के भक्त दूर-दूर से उनके दर्शन करने आते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन शिव-गौरी का विवाह हुआ था। शिव नवरात्रि के पहले दिन महाकाल को हल्दी-चंदन का लेप लगाया जाएगा। इस दिन शिवजी का हल्दी से श्रृंगार किया जाता है। बता दें कि महादेव की पूजा-आराधना में हल्दी का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। मान्यता है कि शिवलिंग पुरुष तत्व का प्रतीक है और हल्दी स्त्रियोचित वस्तु है। इसलिए शिव पूजा में हल्दी का इस्तेमाल नहीं होता है। हालांकि, शिवरात्रि से पहले आज के दिन कोटितीर्थ कुंड के समीप स्थित भगवान कोटेश्वर महादेव का अभिषेक पूजन किया जाता है और भगवान शिव और माता पार्वती को हल्दी लगाई जाती है।कहा जाता है कि महाकाल के दुल्हा बनने से पहले यह हल्दी की रस्म है।

### शिव नवरात्रि के 9 दिनों में भोलेनाथ का स्वरूप:

- महाकाल मंदिर में शिव नवरात्रि के पहले दिन उनका हल्दी-चंदन से श्रृंगार किया जाएगा।
- दूसरे दिन शिवजी का शेषनाग रूप में श्रृंगार किया जाएगा।
- तीसरे दिन बाबा घटाटोप रूप में दर्शन कर सकेंगे।
- चौथे दिन दिन महादेव का छबीना श्रृंगार किया जाता है।
- पांचवे दिन बाबा महाकाल को होलकर परंपराओं के अनुसार सजाया जाएगा।
- छठे दिन उन्हें मनमहेश के रूप में उनका श्रृंगार किया जाएगा।
- सातवें दिन भक्त उमा-महेश के रूप में शिव-गौरी के दर्शन कर सकेंगे।
- आठवें दिन शिवजी का रौद्र रूप भक्तों को देखने को मिलता है।
- नौवें दिन महादेव का दूल्हे के रूप में श्रृंगार किया जाता है।

## Highlights

1. **Protesters Gather Before the District Congress Offices**
2. **Magnitude 3.2 earthquake strikes Karimganj, Assam: NCS**
3. **Sandeshkhali: Fugitive TMC leader Shajahan Sheikh arrested**
4. **Locals throw snowballs at Gulmarg hotel to douse flame; video surfaces**
5. **MP CM Mohan Yadav Offers Condolences After Tragic Vehicle Accident**
6. **HC asks PGI Chandigarh to form Medical Board about farmer's injury**

# Airtel Plans Tariff Hike To Earn Rs 300 From Every Airtel User In India




**NEW DEIHI, (Agency).** Airtel reported ARPU of Rs 208 in Q3, up from Rs 193 last year, mirroring its strategy of attracting higher-value subscribers. But Mittal feels much ground remains to cover for viability, with Rs 300 ARPU pivotal.

Eyes Becoming Digital Co Beyond Telecom

Mittal also outlined Airtel's steady transformation into a digital services company spanning payments bank, tower JV, overseas presence etc rather than just Indian mobile services, to tap emerging revenue streams.

With the impending launch of satellite broadband venture OneWeb awaiting final license clearances, he envisions formidable competition from Elon Musk's Starlink in future but suggests Airtel's primary orientation will stick to enterprise clients rather than retail consumers.

ARPU doubled over 7 years, but more vital now

Airtel posted October-December 2022 quarterly revenue of Rs 37,900 crore, up 22% annually, demonstrating consistency in a challenging macro environment. As it explores uncharted areas like cloud communication, Mittal wants the digital business contribution to keep rising.

# Reliance consumer partners Sri Lankan beverage maker Elephant House

**NEW DEIHI, (Agency).** This would be the second major beverage brand for RCPL which had earlier acquired soft drinks brand Campa.

"This association will not only help RCPL bolster its growing beverage portfolio that boasts iconic brands such as Campa, Sosyo and Raskik but will also bring exceptional new products and value propositions to Indian consumers," said a joint statement.

The development comes amid the beverage industry gearing up for summer, its peak season for sales.

Elephant House is owned by Ceylon Cold Stores PLC, a subsidiary of John Keells Holdings PLC, Sri Lanka's largest listed conglomerate.

It sells manufactures and sells a wide range of beverages including Necto, Cream Soda, EGB (Ginger Beer), Orange Barley and Lemonade under the Elephant House brand.

Commenting over the development RCPL COO Ketan Mody said: "Elephant House, which enjoys strong market credibility, is an iconic brand with deep-rooted heritage. This partnership will not only add its much-loved beverages to our growing FMCG portfolio but will also offer our Indian consumers great choice and value proposition through quality products."

Krishan Balendra, Chairperson of the John Keells Group, said: "Our partnership with Reliance Consumer Products Limited marks a significant milestone in the journey of our heritage brand and represents our commitment to delivering our high-quality beverages to new consumer segments."

Reliance Retail, which has the ambition to be a formidable player in the FMCG segment, is building a wide portfolio of globally recognised brands and products.

# पूर्व पार्षद पर परिवार को धमकाने का आरोप

## घर में बंदूक लेकर घुसा, सामने आया वीडियो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बड़वाली चौकी इलाके में बुधवार देर रात पूर्व पार्षद अनवर कादरी एक युवक के घर में बंदूक लेकर घुस गया। कादरी ने यहां युवक और उसके परिवार के साथ मारपीट का आरोप पूर्व पार्षद पर लगा है। मारपीट और हाथ में बंदूक लेकर घर में घुसने का सीसीटीवी सामने आया है। शिकायत के बाद सदर बाजार पुलिस पीड़ित का मेडिकल कराकर केस दर्ज किया है।**

सदर बाजार पुलिस के मुताबिक कांग्रेस के पूर्व पार्षद अनवर कादरी अपने साथियों के साथ जावेद खान के घर में घुस गए। यहां कादरी ने जावेद को लात-घूंसों से पीटा। जावेद का आरोप है कि कादरी ने घर की महिलाओं पर भी हाथ उठाया। और घर में तोडफ़ोड़ भी की है। सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना कैद हो गई। जावेद ने घटनाक्रम के सीसीटीवी निकालकर सदर बाजार पुलिस से शिकायत की है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर जांच कर रही है। जावेद का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पुलिस ने जावेद की शिकायत पर अनवर कादरी, जुबेर, अनीस कुरैशी और असलम के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

जावेद खान ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि वह साउथ बजरिया में रहता है। पेशे से पत्रकारिता करता है। शाम 6 बजे व्हाट्सएप पर अनवर कादरी के खिलाफ अवैध तरीके से संपत्ति को लेकर खबर लिखी थी। इसे लेकर बुधवार रात अनवर और उसके साथी मेरे घर में घुस आए। अनवर कादरी के हाथ में बंदूक थी। मुझे व्हॉट्सएप पर खबर चलाने को लेकर गालियां देने लगा। मां जोहराबी सामने आई। उन्हें भी लात-घूंसों से पीटा। मेरे साथ भी मारपीट की। मुझे सीने और पैर में चोट लगी है।

### पूर्व पार्षद ने कहा- मुझे जान से मारने की धमकी दी

इस मामले में पूर्व पार्षद अनवर कादरी ने भी जावेद खान के खिलाफ मोबाइल पर धमकाने के मामले में केस दर्ज कराया है। अनवर ने अपनी शिकायत में बताया कि वह प्रॉपर्टी का काम करते हैं। बुधवार रात 9 बजे उनके मोबाइल पर जावेद खान के मोबाइल से कॉल आया। तब जावेद ने गालियां देकर कहा कि तुम सतर्क रहना मैं पहलवान हूं। मैने पूछा कि ऐसा क्यों कह रहे हो तो जावेद ने जान से मारने की धमकी दे डाली।

# काम के दौरान कर्मचारी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पीथमपुर के बगदून थाना क्षेत्र में दवा बनाने वाली कंपनी में बुधवार को काम के दौरान एक कर्मचारी की मौत हो गई। उप निरीक्षक ब्रह्मानंद चौहान ने बताया कि जफर पिता मुस्तफा अहमद (50) सुबह दवा कंपनी में काम के लिए राऊ से बस से पीथमपुर पहुंचा था। करीब दस बजे उसे सीने में अचानक दर्द उठा, जिसके बाद साथ काम कर रहे कर्मचारी जफर को तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। इसके बाद कंपनी के कर्मचारियों ने पुलिस को सूचित कर शव पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पीथमपुर लाया गया। जहां परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर एनके खांडे ने बताया कि शव पोस्टमॉर्टम के लिए लाया गया था। पीएम में प्रथम दृष्ट्या साइलेंट अटैक से मौत होना प्रतीत हो रहा है। बाकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही जानकारी मिल सकेगी।

# माणिक बाग ब्रिज पर कार पलटी, नशे में धुत थे कार सवार दो युवक तीन युवती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जूनी इंदौर ब्रिज पर तेज रफ्तार कार पलट गई। कार में दो युवक और तीन युवतियां सवार थीं। कार पलटने के बाद सभी कार छोड़कर भाग गए। दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। कार को थाने ले जाया गया है। पुलिस का कहना है घटना माणिक बाग ब्रिज से चोइथराम तरफ जाने वाले रास्ते की है। कार ड्रायवर की लापरवाही के चलते पलटी है। कार की स्पीड काफी तेज थी। कार के पलटने के बाद स्थानीय लोग पहुंचे। कार में युवक और युवतियां फंसे थे। उन्हें बाहर निकाला। इसके बाद वह मौके पर ही कार छोड़कर चले गए। बाद में पुलिस ने इन्हें रास्ते से पकड़ लिया है। कार में शराब की बॉटलें भी मिली हैं। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक सभी नशे में थे।

# एक मिनट में एक्टिवा चोरी 24 घंटे में पकड़ाया चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक्टिवा चोर एक मिनट में गाड़ी लेकर भाग गया। सीसीटीवी फुटेज में उसका चेहरा और घटना कैद हो गई। 24 घंटे में उसे पकड़ लिया गया। घटना 25 फरवरी की रात सुपर कॉरिडोर चौराहा पर निमंत्रण गार्डन के गेट की है। इसका वीडियो सामने आया है। दरअसल, छीपा बाखल के गोपाल सिसोदिया के बेटे राम की शादी थी। एक्टिवा (रूक्क-09 स्क्र-1255) गेट पर खड़ी की थी। शाम को रिसेप्शन में सभी व्यस्त हो गए। जब बाहर आए तो एक्टिवा गायब थी। हिस्ट्रीशिटर चोर को गिरफ्तार किया है।

# आत्महत्या का किया प्रयास, पति ने की थी आत्महत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले पेटीएम के फील्ड मैनेजर की पत्नी ने ग्वालियर में जहर खाकर जान देने की कोशिश की। परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया जंहा उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।**

गौरतलब है कि लसूडिय़ा इलाके में पेटीएम के फील्ड मैनेजर गौरव गुप्ता ने 25 फरवरी को अपने ससुर के लैट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। अभी पुलिस उनके आत्महत्या करने के मामले की जांच कर ही रही थी कि उनकी पत्नी मोहिनी गुप्ता ने ग्वालियर में जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। परिजनों ने उन्हें अचेत अवस्था में पड़ा देखा तो तत्काल ग्वालियर के जयारोग्य अस्पताल ले गए जंहा डाक्टरों ने बताया कि मोहिनी गुप्ता ने जहर खा लिया है। हालांकि उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। अब तक ये माना जा रहा था कि पेटीएम के फील्ड मैनेजर गौरव गुप्ता ने नौकरी से परेशान होकर आत्महत्या की थी हालांकि उनकी पत्नी द्वारा उठाए गए आत्मघाती कदम के बाद पुलिस अब इस एंगल पर भी जांच करेगी कि कहीं पत्नी मोहनी तो उन पर दबाव तो नहीं बना रही थी। फिलहाल लसूडिय़ा थाना प्रभारी तारेश सोनी का कहना है कि हर बिंदु पर जांच कर रहे हैं जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# किराए पर कार लेकर हड़प ली

## →फरार आरोपी की तलाश कर ही पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एक व्यक्ति से आरोपी ने किराए पर कार ली। इसके लिए उसने बकायदा एग्रीमेंट भी किया, लेकिन बाद में उसकी नियत बदल गई और कार हड़प ली। कार में जीपीएस लगा हुआ था। मामले में पुलिस ने अफरा-तफरी का केस दर्ज किया है। आरोपी ग्वालियर का रहने वाला है। यहां एक माह का एग्रीमेंट कर कार किराये से ले गया। बाद में कार लौटाई ना ही किराया दिया।**

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक अंकित काले निवासी रुक्मिणी नगर की शिकायत पर दक्ष पिता विजेन्द्र कुमार निवासी मुरार, ग्वालियर के खिलाफ अफरा-तफरी का केस दर्ज किया है। अंकित ने बताया कि उसने अपनी कार नंबर (एमपी 09जेडएल 7133 )को दक्ष कुमार को 21 दिसंबर 202& को एक माह के लिये 28 हजार 500 में किराये पर दी थी। कार में जीपीएस भी लगा हुआ था। एक माह बाद दक्ष को कॉल किया और किराया मांगा तो उसने इंकार कर दिया। इसके बाद उसे कार वापस करने के लिये कहा। लेकिन उसने कॉल डिस्कनेक्ट कर मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। इसके बाद से उसना मोबाइल चालू नहीं किया। पुलिस ने आरोपी के ग्वालियर के पते की जानकारी निकाली लेकिन वह फर्जी निकला। अंकित ने बताया कि आरोपी ने एग्रीमेंट कर कार की अफरा तफरी की है। पुलिस अब आरोपी की तलाश कर रही है।

# बैंक अफसर के यहां चोरी, लाखों का माल ले भागे चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बैंक अफसर के सूने मकान में 8 लाख से ज्यादा की चोरी हो गई। चोर यहां कॉलोनी की दीवार फांदकर घर में घुसे। घर से सोना, नकदी और बाइक चुराकर ले गए। चोरों की संख्या पांच से ज्यादा बताई जा रही है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। घटना मंगलवार की है।**

जाते समय चोर गोल्ड के बॉक्स घर के बाहर ही फेंक गए। पुलिस ने जांच के लिये जब्त किया। परिवार ने बुधवार शाम पुलिस को चोरी गए सामान की लिस्ट सौंपी। फरियादी पारस जैन ने बुधवार को पुलिस को बताया कि वे सेटेलाईट जंक्शन कॉलोनी में रहते हैं। चोरी के समय वे पारिवारिक कारणों से सागर गए हुए थे। दीवार फांदकर परिसर में पांच चोर घुसे। इनमें से दो चोर उनके घर में गए।

उन्होंने कमरों से करीब साढ़े तीन लाख से अधिक का गोल्ड और 3 लाख से ज्यादा नकदी, बाहर खड़ी पल्सर बाइक चुरा ले गए। पुलिस को फुटेज भी सौंपे हैं। इधर, पुलिस ने आसपास के इलाकों में सर्चिंग की। जानकारी मिलने के बाद बैंक अफसर की बहन सुबी ने तत्काल सागर से इंदौर आने का कहा। इसके बाद बहन सुबी ने थाने पहुंचकर शिकायत की। जैन ने चोरी हुए सामान की लिस्ट लेकर बुधवार को लसूडिय़ा पुलिस को सौंपी। जैन ने पुलिस को बताया कि वे 5 सालों से यहां रह रहे हैं। परिवार की महिलाएं दिन में अकेली रहती हैं। ऐसे में अनहोनी होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। जैन ने कहा कि पुलिस ने कार्रवाई की बात पर सिर्फ आश्वासन दिया है।

चोरों ने इसी कॉलोनी की एक गली छोड़कर जितेन्द्र विश्वकर्मा के घर मे भी चोरी की कोशिश की। पर वे सफल नहीं हो सके। विश्वकर्मा ने भी मामले में पुलिस को जानकारी दी है। गली में भी चोर मूवमेंट करते दिख रहे हैं। हालांकि पुलिस जल्द ही चोरों को पकडऩे की बात कर रही है।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियो की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक